पेज थ्री देहरादून

योगनगरी में पहली बार महिला साध्वी बनी महामंडलेश्वर।





हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### महाकुंभ को लेकर सीएम के साथ संतो की होने वाली बैठक स्थिगित

**संवाददाता** देहरादून। हरिद्वार महाकुंभ 2021 की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत संग होने वाली साधु–संतों की बैठक को स्थगित कर दिया गया। यह बैठक शाम चार बजे सचिवालय परिसर में होने वाली थी। लेकिन मुख्यमंत्री के सेल्फ आइसोलेशन में होने के चलते यह बैठक स्थगित कर दी गई है। बता दें कि ड्राइवर और पीएसओ के कोरोना संक्रमित मिलने के बाद सीएम सेल्फ क्वारंटीन हुए थे।

### स्थानान्तरण मामले में सचिवालय कर्मचारी अधिकारी फिर आमने सामने

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड सचिवालय में एक बार फिर से अधिकारी–कर्मचारी आमने–सामने आ गये हैं। सचिवालय संघ ने कर्मचारियों के शोषण का आरोप लगाते हुए आंदोलन की चेतावनी तक दे डाली है। साथ ही सचिवालय संघ ने ऐलान कर दिया है कि कि अगर अधिकारियों का यही रवैया रहा तो वह एक बार फिर आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। इसकी वजह से कामकाज का जो भी नुकसान होगा उसकी जिम्मेदारी ऐसे ब्यूरोक्रेट्स की होगी जो तानाशाही रवैया अपना रहे हैं।

### आप के उत्तराखण्ड में आने से भाजपा बैचेनः रविन्द्र आनंद

**संवाददाता** देहरादून। आम आदमी पार्टी प्रदेश प्रवक्ता रविन्द्र आनंद का कहना है कि उत्तराखण्ड में आम आदमी पार्टी के आने से ही भाजपा में बैचेनी का माहौल दिखाई दे रहा है। शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए प्रदेश प्रवक्ता रविन्द्र आनंद ने कहा कि उत्तराखंड में आम आदमी पार्टी के आगामी चुनाव में ताल ठोकने की खबर आने के बाद से सियासी दलों में बैचेनी का माहौल है। भाजपा को आम आदमी पार्टी का डर हो गया है।

### एम्ब्रेन ने फिलपकार्ट पर लॉन्च की पल्स स्मार्ट वॉच

**संवाददातां** देहरादून। भारतीय मोबाइल के एक्सेसरीज ब्रैंड एम्ब्रेन ने इंटीग्रेटेड एसपीओ2 मेजरमेंट वाली "पल्स स्मार्ट वॉच" लॉन्च की है। यह घड़ी आपके ऑक्सीजन लेवल में उतार–चढ़ाव की लेटेस्ट अपडेट आपको देती है। यह किसी भी तरह से आपके पर्सनल ट्रेनर से कम नहीं है। इसके अलावा इस स्मार्टवॉच से दिल की धड़कन और ब्लडप्रेशर भी मापा जा सकता है। इसके अलावा इसमें कई ऐसे फीचर हैं, जो आपको आपकी सेहत के बारे में अपडेट रखते हैं। इस प्रॉडक्ट की कीमत 3499 रुपये रखी गई है। इस प्रॉडक्ट को 365 दिन की वॉरंटी के साथ एक्सक्लूसिव रूप से आप फिलपकार्ट से खरीद सकते हैं।

# कोरोना काल में परिक्षा करवाना नौजवानों के जीवन के साथ खिलवाड़

**प्रदर्शन**

**संवाददाता**

देहरादून। कोरोना वायरस कोविड 19 संक्रमण काल में जे.ई.ई. एवं नीट की परीक्षायें स्थगित किये जाने की मांग को लेकर केन्द्र सरकार के खिलाफ केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद सीबीएसई के क्षेत्रीय कार्यालय पर प्रदर्शन कर धरना दिया।

शुक्रवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आहवान पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक प्रीतम सिंह के नेतृत्व में कौलागढ़ रोड़ स्थित केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद सीबीएसई के क्षेत्रीय कार्यालय के बाहर केन्द्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर धरना दिया और कहा कि कोविड 19 संक्रमण काल में यह परीक्षायें कराया जाना अनुचित है। इस अवसर पर प्रीतम सिंह ने कहा कि पूरे देश में कोरोना वायरस कोविड–19 महामारी आज अपने चरम पर है तथा हर रोज हजारों संक्रमितों की संख्या बढ़ती जा रही है और बीते रोज सात सौ से अधिक संक्रमित राज्य में आये है और केन्द्र की भाजपा सरकार बिना जनता की जान की परवाह किये जे.ई.ई. एवं नीट की परीक्षा कराने पर आमादा है जिसका पुरजोर विरोध किया जायेगा। प्रीतम सिंह ने कहा कि कोरोना वायरस कोविड 19 संक्रमण काल में जे.ई.ई. एवं नीट की परीक्षा आयोजित कराये जाने के निर्णय को अव्यवहारिक बताते हुए इसे नौजवानों के जीवन के साथ खिलवाड बताया है। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने कहा कि जेईई व नीट की परीक्षाओं को लेकर केंद्र सरकार जिस प्रकार से छात्रों पर दबाव बना रही है वह किसी भी रुप में उचित नहीं है, उन्होंने केन्द्र सरकार से मांग करते हुए कहा किं सरकार तत्काल प्रभाव से इन परीक्षाओं को स्थगित करें। इस अवसर पर अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह के अलावा इस अवसर पर पीसीसी के पूर्व अध्यक्ष किशोर उपाध्याय, पूर्व मंत्री श्री हीरा सिंह बिष्ट, पीसीसी उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना, पूर्व विधायक राजकुमार, प्रदेश महामंत्री संगठन विजय सारस्वत, महामंत्री पी के अग्रवाल, ताहिर अली, महामंत्री याकूब सिद्दीकी, महामंत्री राजेन्द्र शाह, महामंत्री महानगर अध्यक्ष लाल चंद शर्मा, जिला पछवादून संजय किशोर, पूर्व प्रवक्ता गरिमा दसौनी, पार्षद दल के नेता डॉक्टर बिजेंद्र पाल सिंह, प्रदेश सचिव सीताराम नौटियाल सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

■ परीक्षायें स्थगित किये जाने की मांग को लेकर धरना–प्रदर्शन

### सामान्य स्थिति होने तक परीक्षाएं करें स्थगित

देहरादून। जेईई व नीट की परीक्षा स्थगित करने के संबंध में पूरे भारतवर्ष मैं एनएसयूआई और कांग्रेस के तत्वावधान में छात्र सत्याग्रह आंदोलन किया जा रहा है और इसी कड़ी के अंतर्गत देहरादून स्थित केंद्रीय कार्यालय सीबीएसई भवन के बाहर एनएसयूआई और कांग्रेस के साथ मिलकर विरोध प्रदर्शन किया गय। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष एनएसयूआई सौरभ ममगाईं ने बताया कि सरकार को इस महामारी के दौर में छात्रों के जीवन के साथ खिलवाड़ नहीं करना चाहिए और सामान्य स्थिति होने तक परीक्षाएं स्थगित करनी चाहिए जो कि छात्र हितों के लिए एक अच्छी पहल साबित होगी। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार को तत्काल प्रभाव से इन परीक्षाओं को निरस्त करना चाहिए। उन्होंने केन्द्र से मांग करते हुए कहा किं सरकार तत्काल प्रभाव से इन परीक्षाओं को स्थगित करें। इस अवसर पर अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। इस मौके पर अनेक कार्यकर्ता शामिल थे।

### सीएमओ पद से डा. रमोला की विदाई, डा. डिमरी बने नये सीएमओ

देहरादून। दून के सीएमओ डा. बीसी रमोला को पद से हटा दिया गया है। उनकी जगह डा. अनूप कुमार डिमरी को नया सीएमओ बनाया गया है। जबकि डा. रमोला को जिला चिकित्सालय देहरादून का परामर्शदाता नियुक्त किया गया है। सीएमओ पद से डा. रमोला की विदाई के पीछे उनका मुख्यमंत्री के चिकित्सक डा. एनएस बिष्ट से कुछ समय पहले हुए विवाद को माना जा रहा है। डा. रमोला व डा बिष्ट के बीच कुछ समय पहले विवाद हो गया था। जिसके बाद डा. बिष्ट ने मौन धरना भी दिया था। दो चिकित्सकों के बीच हुए विवाद से स्वास्थ्य महकमा भी सकते में आ गया था। अब कुछ माह पहले ही सीएमओ बने डा. बीसी रमोला को इस पद से स्थानांतरित कर जिला चिकित्सालय (गांधी अस्पताल) का प्रमुख परामर्शदाता नियुक्त किया गया है।

वहीं डा. रमोला की जगह स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के अपर सचिव डा. अनूप कुमार डिमरी को नया सीएमओ नियुक्त किया गया है। डा. डिमरी को तत्काल पदभार ग्रहण करने के निर्देश भी दिए गये हैं।

# कांग्रेस का सीबीएसई क्षेत्रीय कार्यालय में प्रदर्शन

**बैठक**

■ प्रवेश अहर्ता परीक्षा नीट व जेईई को स्थगित करने की मांग

देहरादून। **संवाददाता**

केंद्र सरकार व केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा आगामी शिक्षा सत्र के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित की जा रही मेडिकल व इंजीनियरिंग की प्रवेश अहर्ता परीक्षा नीट व जेईई को स्थगित करने की मांग को लेकर शुक्रवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में प्रदर्शन किया।



राजधानी देहरादून में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कौलागढ़ रोड राजेंद्रनगर स्थित सीबीएसई के क्षेत्रीय कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर धरना दिया। इस अवसर पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने कहा कि आज देश में कोरोना महामारी जिस तरह से रफ्तार पकड़ रही है उन हालातों में विघार्थियों व उनके अभिभावकों में भय व दहशत व्याप्त है। ऐसे माहौल में छात्रों व उनके अभिभावकों की मांग है कि स्थितियां सामान्य होने तक प्रवेश परीक्षाएं स्थगित की जाएं किन्तु केंद्र सरकार ने इसे बेवजह प्रतिष्ठा का सवाल बना कर परीक्षाएं कराने की जिद्द ठान ली है। प्रीतम सिंह ने कहा कि सरकार की हठधर्मिता के खिलाफ कांग्रेस पार्टी छात्रों के साथ है।

इस अवसर पर पीसीसी के पूर्व अध्यक्ष किशोर उपाध्याय, पूर्व मंत्री हीरा सिंह बिष्ट, पीसीसी उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना, पूर्व विधायक राजकुमार, प्रदेश महामंत्री संगठन विजय सारस्वत, महामंत्री ताहिर अली, महामंत्री याकूब सिद्दीकी, महामंत्री राजेन्द्र शाह, महामंत्री पीके अग्रवाल, महानगर अध्यक्ष लाल चंद शर्मा, जिला पछवादून से संजय किशोर, पूर्व प्रवक्ता गरिमा दसौनी, पार्षद दल के नेता डॉक्टर बिजेंद्र पाल सिंह, प्रदेश सचिव सीता राम नौटियाल, मंजू त्रिपाठी, पार्षद कोमल वोहरा, पार्षद संगीता आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

### प्रधानमंत्री जन धन योजना से गरीबों के जीवन में काफी सुधार हुआ: सीएम

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा है कि प्रधानमंत्री जन धन योजना से गरीबों के जीवन में काफी सुधार हुआ है। सरकार द्वारा भेजी गई धनराशि सीधे गरीब व्यक्ति के खाते में पहुंच रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद की सबसे बडी योजनाओं में से एक, "जन–धन योजना" ने सफलतापूर्वक 06 वर्ष पूरे कर लिये हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारंभ वित्तीय समावेशन की इस योजना से गरीबों के जीवन में क्रांतिकारी सुधार आया है। उत्तराखण्ड को भी इसका काफी फायदा हुआ है। राज्य में "जन–धन योजना" के कुल लाभार्थियों की संख्या 2645447 है। इनमें ग्रामीण क्षेत्रों में 1752536 और शहरी क्षेत्रों में 892911 लाभार्थी हैं। राज्य के लाभार्थियों के खाते में कुल बेलेंस रू. 1345.42 करोड़ है। मुख्यमंत्री ने गरीबों के उत्थान में सहायक सिद्ध हो रही प्रधानमंत्री जन धन योजना के लिए पीएम का आभार व्यक्त किया।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।